# इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT)

**स्रोत: द हिंदू**

भारत में औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स पार्कों के डेवलपर **इंडोस्पेस (IndoSpace)** का लक्ष्य 700-800 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिये एक इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT) लॉन्च करना है।

- यह भारत के औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का सबसे बड़ा InvIT होगा। इंडोस्पेस के पास भारत के 11 शहरों में **52 औद्योगिक लॉजिस्टिक पार्क** हैं।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT):

- InvITs ऐसे उपकरण हैं जो **म्यूचुअल फंड** की तरह काम करते हैं। इन्हें कई निवेशकों से छोटी-छोटी धनराशि एकत्रित करके उन परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिये डिज़ाइन किया गया है जो एक निश्चित अवधि में नकदी प्रवाह प्रदान करती हैं। इस नकदी प्रवाह का एक हिस्सा निवेशकों को लाभांश के रूप में वितरित किया जाएगा।
- InvIT प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) में न्यूनतम निवेश राशि 10 लाख रुपए है, इसलिये, InvIT उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों, संस्थागत और गैर-संस्थागत निवेशकों के लिये उपयुक्त हैं।
    - स्टॉक के समान, InvITs IPO के माध्यम से पूंजी जुटाते हैं और फिर स्टॉक एक्सचेंजों पर व्यापार योग्य होते हैं। सूचीबद्ध InvITs के उदाहरणों में IRB InvIT Fund और India Grid Trust शामिल हैं।
- InvITs को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) **(इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) विनियम, 2014** द्वारा विनियमित किया जाता है।

**और पढ़ें:** इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infrastructure-investment-trust-invit-